राजधानी
वर्ष 12 | अंक 64 | पृष्ठ : 16+8=24
मूल्य : चार रुपये
7 राज्य • 1 केंद्रशासित प्रदेश • 21 संस्करण

अमर उजाला

लखनऊ
बृहस्पतिवार, 29 अगस्त 2019

amarujala.com | ईडी का दावा | चिदंबरम ने सुनियोजित तरीके से की मनी लॉन्ड्रिंग...12 | उत्तर प्रदेश

अमर उजाला | my city | लखनऊ सिटी | डांस पे चांस दोपहर 2 बजे | बृहस्पतिवार • 29.08.2019 | lucknow.amarujala.com | 4

कॉलोनियों के पार्कों में बावली बनाकर बचाया जाए पानी

लखनऊ। राजधानी में कॉलोनियों के बीच बने पार्कों में बावली बनाकर पानी की किल्लत से भविष्य में निबटा जा सकता है। 2030 तक करीब एक चौथाई आबादी के पानी संकट से जूझने की रिपोर्ट के बाद इससे निबटने के लिए पर्यावरणविद् डॉ. भरत राज सिंह ने यह सुझाव प्रदेश सरकार से साझा किया है।

डॉ. भरत राज सिंह

डॉ. सिंह का कहना है कि लगातार कमजोर हो रहे मानसून और पानी की बढ़ते दोहन से लखनऊ सहित कई शहरों में पानी की भयानक किल्लत होने की आशंका है। खुद नीति आयोग की 2018 की रिपोर्ट में इस खतरे की तरफ इंगित किया गया है। ऐसे में जरूरी है कि रिचार्ज सिस्टम को बेहतर किया जाए।